आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

08.05.2024 समय : 1850

- दक्षिण अंडमान जिला परिषद के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए आज अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया।

- टुसनाबाद निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस उम्मीदवार एम. रजनी को अध्यक्षा और मीठाखाड़ी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के ही पी.ए सरफुद्दीन को उपाध्यक्ष चुना गया।

- भारतीय जनता पार्टी ने ज़िला परिषद चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के विरूद्ध जाकर वोट डालने के लिए शहीद द्वीप निर्वाचन क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य दशरथ वर्मा और फरारगंज निर्वाचन क्षेत्र से जिला परिषद सदस्य अब्दुल बशीर को अनिश्चित काल के लिए पार्टी से निलम्बित कर दिया है।

- अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के सिलसिले में आयुष मंत्रालय की ओर से प्रशिक्षुओं के लिए योग प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा।

- द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए आज अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद के सम्मेलन कक्ष में दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार और टुसनाबाद निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य एम. रजनी को निर्वाचित घोषित किया गया। इन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सीपीघाट निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य सारिका देवी को पराजित किया। एम. रजनी को अट्ठारह सदस्यीय दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद में दस सदस्यों का समर्थन मिला, जबकि इनके प्रतिद्वंदी सारिका देवी को कुल आठ वोट मिले। उपाध्यक्ष के चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के ही मीठाखाड़ी निर्वाचन क्षेत्र से ज़िला परिषद सदस्य पी.ए सरफुद्दीन ने लक्ष्मीनगर निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य लीलावती को पराजित किया। सरफुद्दीन को भी दस वोट और लीलावती को आठ सदस्यों का समर्थन मिला। ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बाद में आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में नवनिर्वाचित अध्यक्षा एम. रजनी ने कहा कि वे ज़िले के विकास के लिए सभी के सहयोग से काम करेंगी और जहां तक संभव हो सका, प्राथमिकता के आधार पर लम्बित कार्यों को पूरा करेंगी। उपाध्यक्ष सरफुद्दीन ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से वे अपने दायित्वों का निर्वाह करेंगे और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास करेंगे। ज़िला परिषद में तीसरे वर्ष के कार्यकाल के लिए सीट महिलाओं के लिए आरक्षित रहती है।

<><><><><><><>

इस बीच, मध्योत्तर अंडमान में ग्यारह मई को ज़िला परिषद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए होने वाले चुनाव को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। अब यह चुनाव तेरह मई को कराया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद में आज अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद के लिए हुए चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार के विरूद्ध जाकर वोट करने और पार्टी के निर्देशों का उल्लंघन करने तथा कांग्रेस के उम्मीदवार को समर्थन देने के आरोप में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने दो सदस्यों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें शहीद द्वीप से ज़िला परिषद सदस्य दशरथ वर्मा और फरारगंज से ज़िला परिषद सदस्य अब्दुल बशीर शामिल हैं।

इन दोनों ही सदस्यों को तुरंत प्रभाव से पार्टी में इनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है।

<><><><><><><>

सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से पोर्ट ब्लेयर तहसील में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। वायरलेस क्वार्टर और ए पी डब्लू डी क्वार्टर के पास चलाए गए अभियान के दौरान करीब एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्र अतिक्रमणकारियों से खाली कराया गया। दक्षिण अंडमान ज़िले में सतर्कता, कड़ी निगरानी और प्रयासों के चलते आठ हजार वर्ग मीटर क्षेत्र को अब तक खाली कराया गया है। ज़िला उपायुक्त ने आम जनता को आगाह किया है कि वे अतिक्रमण न करें। प्रशासन इस पर ज़ीरो टोलरेंस की नीति अपना रहा है।

<><><><><><><>

हर वर्ष की भांति इस साल भी इक्कीस जून को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस साल भी इक्कीस जून को द्वीपसमूह के विभिन्न क्षेत्रों में योग सत्र का आयोजन किया जाएगा और इसमें सभी सरकारी विभागों का सहयोग भी लिया जाएगा। आयुष मंत्रालय की ओर से तैयार सामान्य योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। पन्द्रह मई से इक्कतीस मई तक सुबह साढ़े नौ बजे से दिन में साढ़े ग्यारह बजे तक गर्ल्स स्कूल के सभागार में यह प्रशिक्षण चलेगा। सूची में शामिल विभिन्न विभागों और संगठनों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने–अपने विभागों और संगठनों से निर्धारित तिथि में प्रशिक्षुओं को नियुक्त करें।

<><><><><><><>

अग्रिम शिक्षाशास्त्र के बारे में जानकारी देने और नई शिक्षण नीति से शिक्षकों और अन्य कर्मियों को रूबरू कराने के लिए डीब्रेट में संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चेन्नई की एक संस्था के सहयोग से सत्रह मई तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान डीब्रेट के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. अल्गु सुन्दरम ने दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व और नवीन शिक्षण पद्धति के बारे में जानकारी दी। चेन्नई के स्रोत अधिकारी तथा एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. बी. शिवकुमार और डॉ. के. एन शोभा ने शिक्षाशास्त्र के महत्व और बदलते परिदृश्य में इससे जुड़ने के बारे में जानकारी दी। डीब्रेट के शंकर राव ने आई सी टी के इस्तेमाल पर बल दिया।

<><><><><><><>

केरल सरकार ने राज्य के तीन जिलों में वेस्ट नील बुखार के मामले सामने आने के बाद सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने पुष्टि की है कि यह बुखार क्यूलेक्स मच्छरों से फैलता है। इसकी पहचान थ्रिसुर, मल्लापुरम और कोझिकोड जिलों में की गई है। श्रीमती जॉर्ज ने सभी जिलों को मच्छरों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करने को कहा है। उन्होंने सिरदर्द, वमन, मांसपेशियों में दर्द और खुजली जैसे लक्षण दिखने की स्थिति में लोगों से तत्काल उपचार कराने का आग्रह किया है। इस बुखार का पहली बार केरल में दो हजार ग्यारह में पता चला था।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के सुभाषग्राम वार्ड नम्बर सात के बेली ब्रिज को अगले तीन महीनों के लिए बंद किया जा रहा है। मध्योत्तर अंडमान ज़िला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस पुल का इस्तेमाल करने वाले सभी वाहनों को शिव मंदिर से बबलू सिकदर हाउस होते हुए डिज़नी होटल जंक्शन की ओर जाना होगा। पुल के दूसरे तरफ से आने वाले वाहनों को रॉयलस्टू बार जंक्शन से मधुपुर रोड, पुलिस चौकी जंक्शन, न्यू फूडीज़ रोड होते हुए डिजनी होटल जंक्शन के रास्ते का इस्तेमाल करना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से आयोजित होने वाली पहली डी जी पी कप राज्य ओपन चेस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ी अब दस मई तक अपने नाम दर्ज करा सकते हैं। दस मई की शाम तीन बजे तक पंजीकरण किया जा सकता है। अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित होने वाले चेस टूर्नामेंट का पुलिस लाईन के सशस्त्र पुलिस इकाई में पुलिस महानिदेशक ग्यारह तारीख को सुबह साढ़े आठ बजे उद्घाटन करेंगे।

<><><><><><><>

तपती गर्मी के बीच राहत भरे समाचार मिले हैं। मायाबंदर क्षेत्र में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक सैंतीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। ननकौड़ी में भी सत्रह मिलीमीटर वर्षा हुई। वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में सात दशमलव दो और कार निकोबार में सात मिलीमीटर वर्षा हुई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। दस मई को भी कुछ भागों में वर्षा होने या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। ग्यारह मई से तेरह मई तक निकोबार और अंडमान द्वीप के कई भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। कल का अधिकतम तापमान छत्तीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान पच्चीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

<><><><><><><>

इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र पोर्ट ब्लेयर में दो हजार तेईस सत्र के विद्यार्थियों के लिए अध्ययन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। जिन विद्यार्थियों ने अब तक अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं की है, उन्हें जल्द से जल्द अध्ययन सामग्री प्राप्त करने को कहा गया है।

<><><><><><><>